भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2416

दिनांक 13 फरवरी, 2026 को उत्तर के लिए

लक्षद्वीप में कार्यशील आंगनवाड़ी केंद्र

2416. श्री हमदुल्ला सईदः

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) संघ राज्य क्षेत्र लक्षद्वीप में मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के अंतर्गत कार्यरत आंगनवाड़ी केंद्रों का द्वीप-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) मिशन के अंतर्गत पूरक पोषण, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और विकास निगरानी से लाभान्वित होने वाले बच्चों (0-6 वर्ष), गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं की संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने लक्षद्वीप में अवसंरचना, स्टाफ, पोषण की आपूर्ति और सेवा प्रदायगी में किन्हीं कमियों या चुनौतियों की पहचान की है और क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं या किए जाने का विचार है; और

(घ) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान लक्षद्वीप में इस मिशन के अंतर्गत कितनी धनराशि आबंटित, जारी की गई और उपयोग की गई?

उत्तर
महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) और (ख): लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र में मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 के तहत कार्यरत आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) की संख्या तथा मिशन के तहत लाभार्थियों की संख्या, जिनमें बच्चे (0-6 वर्ष), गर्भवती महिलाएं और स्तनपान कराने वाली माताएं शामिल हैं, इस लिंक पर उपलब्ध है: https://www.poshantracker.in/statistics.

(ग) मिशन सक्षम आंगनवाड़ी एवं पोषण 2.0 केंद्र प्रायोजित योजना है। केंद्र सरकार नीति एवं आयोजना के लिए उत्तरदायी है तथा राज्य सरकारें/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन इस योजना के कार्यान्वयन सहित दैनिक कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी हैं, जिसमें इस योजना के कार्यान्वयन के लिए कर्मचारियों की भर्ती करना भी शामिल है।

पोषण ट्रैकर पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र को स्वीकृत सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल, कार्यशील शौचालय, स्थायी बिजली कनेक्शन, कार्यशील रसोईघर आदि जैसी बुनियादी ढांचागत सुविधाएं मौजूद हैं। साथ ही, लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र द्वारा पोषण ट्रैकर पर दी गई जानकारी के अनुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों और आंगनवाड़ी सहायिकाओं के संबंध में कोई रिक्ति नहीं है। सेवा वितरण के संबंध में, संघ राज्य क्षेत्र के सभी आंगनवाड़ी केंद्र कार्यशील हैं और योजना के तहत परिकल्पित छह सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, जिनमें पूरक पोषण (एसएनपी), विद्यालय पूर्व गैर-औपचारिक शिक्षा, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और रेफरल सेवाएं शामिल हैं। लाभार्थियों की वृद्धि की निगरानी की जाती है और इसका डेटा पोषण ट्रैकर के इस लिंक पर उपलब्ध है: https://www.poshantracker.in/statistics.

विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान इस मिशन के तहत लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र को जारी और उपयोग की गई निधि का विवरण नीचे दिया गया है:

संघ राज्य क्षेत्र का नाम	**2022-23**		**2023-24**		**2024-25**	**2025-26**
	जारी की गई निधि	**उपयोग की गई निधि**	**जारी की गई निधि**	**उपयोग की गई निधि**	**जारी की गई निधि**	**उपयोग की गई निधि**
लक्षद्वीप	0.44	0.44	2.88	2.73	1.35	0.81

******